nt>

Title: Regarding the Bhure Lal Committee's report on river Yamuna.

डा. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, यमुना नदी हरियाणा, उत्तरप्रदेश होते हुए गंगा में मिलती है और गंगा बिहार, बंगाल होते हुए गंगा सागर में पहुंचती है। दिल्ली सरकार ने भूरे लाल कमेटी बनायी और कहा कि वह यमुना में हो रहे प्रदूाण और गंदगी को दूर करने के बारे में अपनी रिपोर्ट दे। उसने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि

> "The 22-km stretch of river Yamuna from Wazirabad to Okhla Barrage, which was just two per cent of the river, carried about 70 per cent of pollution load. The stretch in environmental parlance is "dead" as the dissolved oxygen at Nizamuddin, Okhla was found to be zero."

अध्यक्ष महोदय, यह नदी मृतप्राय बन गई है। इसमें मछलियां जीवित नहीं रहती हैं। इसकी स्थिति बहुत खराब हो गई है। लोग इसमें पवित्र नदी के रूप में श्रद्धा से स्नान करने के लिए आते हैं। वहां एक गंदा नाला बह रहा है। यहां 6 साल से दिल्ली सरकार सत्ता में है। जापान सरकार ने 500 करोड़ रुपया और सैंट्रल गवर्नमैंट ने एक हजार करोड़ रुपया दिया। वह पूरी राशि खत्म हो गई। यमुना पहले से ज्यादा खराब, गंदी और प्रदूति हो गई। वोट बैंक की वजह से वहां स्लम्स बने हैं। उसके नजदीक फैक्ट्रियां लगी हैं जिससे सारी गंदगी उसमें गिर रही है। चूंकि यह बिहार, बंगाल होते हुए गंगा सागर तक पहुचती है, वहां लाखों-करोड़ों लोग स्नान करते हैं, वहां से पीने का पानी लेते हैं, इसलिए यमुना की सफाई के लिए सख्त कदम उठाएं जाएं और उसे प्रदूति होने से बचाया जाए।

MR. SPEAKER: Shri Bhargava, you have raised this earlier also.

...(*Interruptions*)